stream discovered hydrocarbon reserves in the country and thereby augment the indigenous availability of petroleum.

पेट्रोल में मिलावट रोकने के लिये दिशा निर्देश जारी करने की मांग

7818. **श्री रामजी लालः** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार पेट्रोल में मिट्टी का तेल और इसी क़ार की अन्य वस्तुओं की मिलावट रोकने के लिए, ताकि मोटर इंजनों को होने वाले नुकसान को रोका जा सके, अपने विभाग के अधीन पेट्रोल पम्प एजेंसियों और इससे जुड़ी हुई दुकानों को दिशा निर्देश जारी करेगी, यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान इस तरह के कितने मामले छानबीन के लिए सतर्कता विभाग को सौंपे गये हैं;

(ग) मामलों में दोषी पाए गए ऐसे कितने व्यक्तियों के विरुद्ध सरकार द्वारा कार्यवाही की गयी है और कितनी पेट्रोल पम्प एजेंसियां रद्द की गयी हैं; और इनका राज्यवार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार इस संबंध में कोई नियम बनाएगी ताकि आम उपभोक्ता इस तरह की समस्याओं से बच सकें और वे बिना मिलावट वाला पेट्रोल इस्तेमाल कर सकें?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा): (क) और (घ) खुदरा बिक्री केन्द्रों पर मिलावट/कदाचारों को समाप्त करने के लिए पेट्रोल/डीजल नियंत्रण आदेश 1990 और बाजार अनुशासन दिशानिर्देश प्रचलन में हैं। दिशानिर्देशों के अनुसार तेल कम्पनी के अधिकारियों व संयुक्त उद्योग की टीमों द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण किया जाता है। चलती फिरती प्रयोगशालाओं द्वारा औचक निरीक्षण किए जाते हैं और पेट्रोल/डीजल नियंत्रण आदेश के अंतर्गत उनके द्वारा घनत्व की जांच की जाती है। मिलावट की जांच करने के लिए फिल्टर पेपर टेस्ट और फरफुरल मिश्रण टेस्ट भी किए जाते हैं। उन मामलों में डीलरशिप समाप्त कर दी जाती है, जिनमें मिलावट साबित हो जाती है।

(ख) तेल कम्पनियों द्वारा पता लगाए गए मिलावट के मामलों में तेल कंपनियों द्वारा स्वयं कार्रवाई की जाती है।

(ग) मिलावट के साबित हुए मामलों का राज्यवार ब्यौरा (जिनमें तेल कंपनियों द्वारा कार्रवाई की गई है) विवरण में दिया गया है।

विवरण

राज्य	डीलर का नाम और स्थान	की गई कार्रवाई
उड़ीसा	1. केदार गौरी सर्विस स्टेशन, भुवनेश्वर	डीलरशिप समाप्त कर दी गई
	2. जनपथ सर्विस स्टेशन, भुवनेश्वर	—वही—
	3. बद्री नारायण, काशी प्रसाद, भद्रक	—वही—
		—वही—
उत्तर प्रदेश	1. सिंह सर्विस, स्टेशन, देहरादून	—वही—
महाराष्ट्र	1. मैसर्स एम०पी० आटो, कम्प्टी रोड, नागपुर	—वही—
	2. जय आटो, बम्बई	—वही—
	3. मैसर्स राम एजेंसीज, सावनेर	—वही—
	4. मैसर्स पार्थसारथी, शाहपुर	—वही—
कर्नाटक	1. मैसर्स एन० ए सर्विस स्टेशन, बंगलौर	—वही—